# अब घटनास्थल पर होगी प्राथमिक फोरेंसिक जांच

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** पुलिस को नवीन मोबाइल फोरेंसिक वाहन मिला हैं। इससे अब घटना स्थल पर ही प्राथमिक फोरेंसिक जांच होगी, जिससे अपराधों की विवेचना में तेजी जाएगी।

- पुलिस को मिली अत्याधुनिक मोबाइल फोरेंसिक लैब की सौगात
- अपराध विवेचना को मिलेगी नई मजबूती

पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश के सभी जिलों को अपराध अनुसंधान को अधिक प्रभावी एवं वैज्ञानिक बनाने के उद्देश्य से चलित (मोबाइल) फोरेंसिक लैब वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। इसी क्रम में रतलाम पुलिस को भी एक अत्याधुनिक मोबाइल फोरेंसिक लैब वाहन प्रदान किया गया है। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार द्वारा नवीन मोबाइल फोरेंसिक वाहन का निरीक्षण किया गया।



## अपराध अनुसंधान को मिलेगी वैज्ञानिक मजबूती

नवीन मोबाइल फोरेंसिक लैब के उपलब्ध होने से अब रतलाम पुलिस को अपराधों की विवेचना में और अधिक मजबूती मिलेगी। पुलिस एवं फोरेंसिक अधिकारी घटनास्थल पर ही प्राथमिक फोरेंसिक जांच कर सकेंगे तथा तत्काल रिपोर्ट प्राप्त कर सकेंगे, जिससे साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया तेज, सटीक एवं वैज्ञानिक हो सकेगी।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राकेश खाखा, जिला फोरेंसिक विशेषज्ञ अतुल मित्तल एवं रक्षित निरीक्षक मोहन भर्वतत उपस्थित रहे।

**यह होगा लाभ :** इस चलित फोरेंसिक लैब के माध्यम से घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्यों का उन्नत एवं वैज्ञानिक तरीके से संकलन संभव होगा, जिससे विवेचना की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। समय की बचत होगी। अपराधियों की शीघ्र पहचान एवं गिरफ्तारी में सहायता मिलेगी। सशक्त साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय में प्रभावी अभियोजन संभव हो सकेगा।

**हाईटेक संसाधनों से लैस वाहन:** यह मोबाइल फोरेंसिक लैब वाहन अत्यंत हाईटेक एवं आधुनिक तकनीक से युक्त है। इसमें विभिन्न प्रकार के साक्ष्यों के संकलन, जांच एवं अनुसंधान हेतु आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं, जिनमें प्रमुख रूप से— एलईडी स्क्रीन, उच्च गुणवत्ता के कैमरे, माइक्रोस्कोप, ब्लड टेस्ट किट, सीमन टेस्ट किट, बुलेट टेस्ट किट, अन्य प्राथमिक फोरेंसिक जांच से संबंधित आधुनिक उपकरण शामिल हैं, जो अपराध स्थल पर ही त्वरित एवं प्रभावी जांच में सहायक होंगे।

# जिले में दूध 60 रूपये लीटर ही बिकेगा

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में दुग्ध मूल्य में वृद्धि की समीक्षा हेतु गुरूवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपसंचालक पशुपालन, सांची दुग्ध संघ उज्जैन के प्रबंधक, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं डीआरसीएस सहित अतिरिक्त दुग्ध विक्रेता एवं पशुपालक बैठक में उपस्थित थे।

## दूध विक्रेता एवं पशुपालकों के साथ बैठक में निर्णय



बैठक मे कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा दुग्ध मूल्य में की गई वृद्धि को लेकर दुग्ध विक्रेताओं एवं दुग्ध उत्पादकों से विस्तृत चर्चा की। सभी पक्षों की बात सुनने के उपरांत यह निष्कर्ष निकाला गया कि दूध के दाम में की गई 4 रूपये की वृद्धि अधिक है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि दुग्ध मूल्य में 2 रूपये की कमी की जाए। बैठक में दूध 60 रूपये लीटर विक्रय करने का निर्णय आपसी सहमति से लिया गया।

बैठक में कलेक्टर द्वारा निर्णय लिया गया कि दुग्ध मूल्यों की पुन: समीक्षा चार माह बाद की जाएगी। बैठक में सांची दुग्ध संघ, पशुपालन विभाग एवं डीआरसीएस को निर्देशित किया गया कि पशुपालकों एवं दुग्ध उत्पादकों की मांग के अनुसार अधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले ग्रामों में दुग्ध समितियों का गठन कर उन्हें मिल्क रूट से जोड़ा जाए।

## एक नजर में

### ब्लॉक समन्वयक, आगनबाड़ी कार्यकर्ता और एवं सुपरवायजर को नोटिस

**रतलाम।** आंगनवाड़ी केंद्र सीखेड़ी में 5 एवं 6 जनवरी को स्वयं सहायता समूह द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषण आहार प्रदान नहीं किया गया जिसके कारण 2 दिवस आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को पोषण आहार का लाभ प्राप्त नहीं हुआ एवं पोषण ट्रैकर पर पूरक पोषण आहार एवं गर्म पका भोजन की एंट्री सम्बंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा नहीं की गई साथ ही पोर्टल की मॉनिटरिंग केन्द्रवार, सेक्टर भी नहीं की गई। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के आदेश अनुसार कार्य में लापरवाही करने के कारण जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रामनिवास बुधोलिया द्वारा ब्लॉक समन्वयक आशीष सोनी एवं प्र. परियोजना अधिकारी श्रीमती शशिकला मण्डराह को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 3 दिवस मे जवाब प्रस्तुत करने के लिए आदेशित किया गया है। तीन दिवस मे संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नही करने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। वहीं सरस्वती स्वयं सहायता समूह सिखेड़ी द्वारा दो दिन से आंगनवाड़ी केंद्र पर नाशता व भोजन प्रदाय नही किया जाने पर उक्त संबंध में समूह की 2 दिनों की नाशता एवं भोजन की राशि काटी जावेगी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ओर सुपरवाइजर को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। उल्लेखनीय है कि जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना रतलाम ग्रामीण 2 जिला रतलाम के आंगनवाड़ी केंद्र सिखेड़ी में दिनांक 5 जनवरी 2026 एवं 6 जनवरी 2026 को पोषण आहार ना मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसकी जांच करने पर पाया गया।

### प्रशासन गांव की ओर अभियान आज आलोट के करवाखेड़ी में

**रतलाम।** जिले में भारत सरकार एवं राज्य सरकार की चिन्हित फ्लैगशिप योजनाओं में शतप्रतिशत सेचुरेशन को प्राप्त करने के लिए कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन में 'प्रशासन गाँव की ओर अभियान' अंतर्गत शुक्रवार 9 जनवरी को करवाखेडी (आलोट) क्लस्टर की पंचायतों में शिविर आयोजित कर जन आवेदनों का निराकरण किया जाएगा । प्रत्येक पंचायत के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी, ब्लाक स्तरीय नोडल अधिकारी एवं ग्राम पंचायत स्तरीय अमले द्वारा उपस्थित होकर प्रात: 9 बजे से 1 बजे तक आमजन की समस्याओं को सुनकर अनुश्रवण पंजी में दर्ज किया जाएगा। दोपहर 1 से 1.30 बजे तक अभियान के क्लस्टर पंचायत मुख्यालय करवाखेडी (आलोट) पर सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होगे एवं 2.30 से 4 बजे तक क्लस्टर पंचायत मुख्यालय पर अनुश्रवण पंजी की कलेक्टर द्वारा समीक्षा की जाएगी। सायंकाल 4 बजे से 5.30 तक क्लस्टर में सम्मिलित पंचायतों में शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं की समीक्षा होगी। सांयकाल में किसानों को कृषि संबंधी मार्गदर्शन के लिए कृषि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत सहित पंचायत के लिए नियुक्त नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर आमजन की समस्याएं सुनकर निराकरण करेंगे।

### उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए संस्था/व्यक्ति 15 को होंगे पुरस्कृत

**रतलाम।** आयुक्त, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, संचालनालय के अनुसार उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों/व्यक्तियों को राज्य शासन द्वारा राज्य एवं संभाग स्तर पर विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 15 मार्च को पुरस्कृत किया जाएगा। स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन/व्यक्तियों जिन्होने उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया हो, आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन 31 जनवरी, 2026 तक कार्यालयीन समय में कलेक्टर शाखा में प्रस्तुत कर सकते है। विलम्ब से प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएगे। उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में वर्ष 2025 में 01 जनवरी, 2025 से 31 दिसम्बर, 2025 के दौरान प्रत्येक माह में की गई गतिविधियों का सप्रमाण विस्तृत विवरण संलग्न करना होगा। उक्त के संबंध में 1 जनवरी, 2025 से पूर्व में किये गए कार्यो के प्रमाण इस वर्ष के पुरस्कार वर्ष 2025-26 हेतु मान्य नही होंगे।

# ईनामी स्थाई वारंटी को आलोट पुलिस ने किया गिरफ्तार

**आलोट।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान में आलोट पुलिस ने ईनामी स्थाई वारंटी को गिरफ्ता किया हैं। पुलिस ने बताया कि एसपी अमित कुमार द्वारा चलाये जा रहे लम्बित स्थाई/फरारी वारंटो की तामिली हेतु अभियान के अंतर्गत कार्रवाई की। एएसपी ग्रामीण विवेक कुमार के मार्गदर्शन में लम्बित स्थाई फरारी वारंटो की तामिली की कार्रवाई के अंतर्गत अनुभाग आलोट की पुलिस टीम ने 8 वर्ष पुराने अपराध में फरार स्थाई वारंटी नेनसिंह पिता चंपालाल (40) निवासी लाखाखेड़ी का धारा 34(2) आब. एक्ट का स्थाई वारंट तामिल करवाया गया है। अनुभाग आलोट की पुलिस टीम ने दिनांक 1 जनवरी से अभी तक थाना आलोट के 9 स्थाई, 3 फरारी एवं थाना नागदा के 3 स्थाई, जिला आगर का 1 स्थाई वारंट तामिल करवाया गया है। अभियान में विशेष भूमिका रही निरीक्षक मुनेन्द्र गौतम थाना प्रभारी आलोट, निरीक्षक रविन्द्र दण्डोतिया थाना प्रभारी बरखेड़ाकला, सउनि अशोक चौहान थाना आलोट, सउनि आर.सी. भंभोरिया थाना बरखेड़ाकला, आरक्षक दीपक पाटीदार, आरक्षक अशोक गुर्जर, आरक्षक बाबुलाल मालवीय, आरक्षक बालकृष्ण की मुख्य भूमिका रही है।



# इंदौर में दूषित जल से मौत पर शिवसेना का ज्ञापन, 10 लाख मुआवजा और जांच की मांग

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** शिवसेना जिला इकाई द्वारा गुरूवार को इंदौर नगर निगम के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित जल से हुई मौत को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से 10 लाख का मुआवजा और जांच की मांग की।

प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजय शुक्ला को सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि इन्दौर में दूषित जल की घटना पूरे प्रदेश सहित देश को चिंतित करने वाली हैं। स्वच्छ जल की उपलब्ध के लिए चलाए जा रहे नल-जल अभियान को लेकर अब सतर्कता बरती जाए। वहीं नल जल योजना को साकार करने में इन्दौर नगर निगम प्रशासन पूरी तरह फेल है। इन्दौर में हुए घटना क्रम पर मुख्यमंत्री एवं इंदौर नगर निगम आयुक्त तत्काल रूप से इस समस्या की जांच करवा कर दोषी अधिकारियों को दंड दे। प्रदेशभर में नल जल योजना को सुचारु रूप से चलाया जाए व मृतकों के परिवार को 10-10 लाख का मुआवजा प्रदान किया जाए।

## ये थे मौजूद

ज्ञापन सौंपते समय शिवसेना जिला प्रमुख मुकेश गांधी, शिवाजी ब्लॉक प्रमुख दीपक कसेरा, भानु प्रताप शर्मा ढोढर, सुरेश जाट हिंगोरिया, कृष्णा पाटीदार बिलपांक, अशोक सोनी प्रचार मंत्री, राजकुमार जाट, संजय पेमाल, गौरव सोनी, जगदीश चौहान, प्रताप सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह, राकेश जैन, नगर प्रमुख मुकेश कटारिया, सैलाना विधानसभा प्रभारी मुकेश कालू बागोड़ा, नरेंद्र सिंह, दिलीप चौहान, अंकित शुक्ला, चेतन शर्मा, गोपाल सिंह एवं अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 11 से कुपोषित बच्चों के लिए विशेष अभियान चलाएं : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधौलिया,

## महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न



महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त सहायक संचालक, समस्त परियोजना अधिकारी एवं ब्लाक समन्वयक उपस्थित थे।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा पोषण ट्रैकर, भवन निर्माण, आंगनवाडी कार्यकर्ता/सहायिका के रिक्त पदों, प्रधनमंत्री मात्र वंदना योजना, एचयूबी, समेकित बाल संरक्षण योजना केंद्र संचालन की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने समस्त परियोजना अधिकारियों को प्रतिमाह 24 आंगनवाडी भ्रमण करने के निर्देश दिए एवं शारीरिक माप अभियान को सघनता से 11 जनवरी से 21 जनवरी 2026 के मध्य करते हुए सेम मेम बच्चों का चिन्हांकन कर पोषण ट्रैकर में दर्ज करने के निर्देश दिए गए। शाला पूर्व शिक्षा के सम्बन्ध में जिले की समस्त आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को रिफ्रेशर कोर्स करवाने एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता/सहायिकाओं की नवीन नियुक्ति के संबध में विज्ञापन को एनआईसी रतलाम की वेबसाइट पर प्रकाशित करने के निर्देश दिए। बाजना परियोजना की प्रगति प्रधानमंत्री मात्र वंदना योजना में 44 प्रतिशत होने एवं पोषण ट्रैकर के संकेतकों क्रमश: एफआरएस, आभा आईडी, अपार आईडी में जिले में सबसे कम प्रगति होने के कारण अनुशासनात्मक कार्यवाही सम्बंधितों पर किये जाने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों को भर्ती किये जाने के सम्बन्ध में रतलाम शहर 2 का प्रतिशत सबसे कम पाया गया सम्बंधित परियोजना अधिकारी को सेम बच्चों एवं चिकित्सकीय जटिलता वाले बच्चों को एनआरसी में भर्ती करवाने हेतु निर्देशित किया गया। पोषण आहार वितरण समस्त आंगनवाडी केन्द्रों में निर्बाध गति से हो सके इस हेतु संयंत्र से समन्वय कर सभी परियोजनाओं में शत प्रतिशत पोषण आहार वितरण किये जाने के सम्बन्ध में भी निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने समस्त परियोजना अधिकारीयों को निर्देशित किया कि पूरक पोषण आहार एवं गर्म पका भोजन की एंट्री 21 दिवस से अधिक पोषण ट्रैकर एप में की जाए। आगामी 7 दिवस में समस्त परियोजना अधिकारीयों को आपार आइडी की प्रगति शत प्रतिशत किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान कलेक्टर ने आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण कार्य के संबंध में शीघ्र कार्रवाई करने एवं इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के माध्यम से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।

# स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसूति महिलाओं से अवैध वसूली और अभद्र व्यवहार की शिकायत पर कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सैलाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवगढ़ में प्रसूति महिलाओं से अवैध वसूली और अभद्र व्यवहार की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को कड़ी कार्रवाई की है।

जिला पंचायत रतलाम के उपाध्यक्ष के भ्रमण के दौरान सामने आई शिकायतों के बाद विभाग हरकत में आया और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवगढ़ में पदस्थ एएनएम सुमन यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती ज्योति सूर्यवंशी पर 26 दिसंबर 2025 को भर्ती महिला से प्रसव के दौरान ?500 लेने, अपशब्द कहने, जांच न करने और अभद्र व्यवहार के गंभीर आरोप लगे हैं। शिकायत के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सकरावदा संलग्न कर दिया गया है। इसके अलावा आउटसोर्स एजेंसी की कर्मचारी श्रीमती मडी बाई को भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवगढ़ से हटाने के आदेश जारी किए गए हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए डॉ. चेतन डामर एवं डॉ. साक्षी चौहान को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सैलाना में संलग्न करने का प्रस्ताव भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भेजा।

# आदिवासी समाज के महासम्मेलन हेतु टोल शुल्क माफी की मांग

नवभारत न्यूज

**सैलाना।** विधायक कमलेश्वर डोडियार ने 33वें आदिवासी समाज संस्कृति महासम्मेलन के अवसर पर मध्य प्रदेश के समस्त टोल प्लाजा पर प्रतिभागियों को

## सैलाना विधायक डोडीयार ने परिवहन विभाग के प्रमुख को लिखा पत्र

नि:शुल्क आवागमन की सुविधा प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने पत्र लिखकर परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र प्रेषित किया है।

विधायक डोडियार ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि 33वां आदिवासी समाज संस्कृति महासम्मेलन 13, 14 एवं 15 जनवरी 2026 को नेपालपुर, जिला बुरहानपुर (मध्य प्रदेश) में आयोजित किया जा रहा है। इस महासम्मेलन का उद्देश्य आदिवासी समाज की संस्कृति एवं परंपराओं का संरक्षण, सामाजिक विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करना है, साथ ही प्रदेशभर के आदिवासी समाज में एकता, सहयोग और जागरूकता को सुदृढ़ करना भी है।


उन्होंने बताया कि इस महासम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं दूरस्थ अंचलों से बड़ी संख्या में प्रतिभागी निजी एवं सार्वजनिक वाहनों के माध्यम से सम्मिलित होंगे। ऐसे में टोल शुल्क प्रतिभागियों के लिए आर्थिक बोझ बन सकता है, जिससे कई लोग कार्यक्रम में शामिल होने से वंचित भी रह सकते हैं।

विधायक डोडियार ने मांग की है कि महासम्मेलन की अवधि 13 से 15 जनवरी 2026 तक मध्य प्रदेश के सभी टोल प्लाजा पर सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले वाहनों को टोल शुल्क से मुक्त किया जाए, ताकि आदिवासी समाज के लोग बिना किसी आर्थिक परेशानी के सम्मेलन स्थल तक पहुंच सकें। उन्होंने परिवहन विभाग से त्वरित निर्णय लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं टोल एजेंसियों को आवश्यक निर्देश जारी करने तथा की गई कार्यवाही से अवगत कराने का अनुरोध किया।

# सुजापुर में श्री गौ भागवत कथा में भव्य दिव्य दरबार लगा

**जावरा।** समीपस्थ सुजापुर में गुरुवार से श्री गौ भागवत कथा का वाचन 8 जनवरी से प्रारंभ हुई। जिसका रसपान 14 जनवरी तक गुरुदेव अनिकेत कृष्ण महाराज बृजबिहारी सरकार के मुखारविंद से होगा। शक्तिपीठ माताजी से भव्य गंगाजल कलश यात्रा बैंड बाजे के साथ नृत्य करते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए। गौ चिकित्सा कथा स्थल पहुंची जहां भागवत महापुराण कथा के प्रसंग में श्री मद गौ भागवत कथा की महिमा का वर्णन कर शाम 3 बजे दिव्य दरबार में दिन दुखियों की अर्जी लगाकर समस्याओं का समाधान बताया। देवेंद्र शर्मा, देवेंद्र भारद्वाज, धनपालसिंह भंडारी, धर्मेंद्रसिंह सरपंच, रवि वोरा, सोहनसिंह मौजूद रहे।

# नवोदय विद्यालय में 9 एवं 11 की लेटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा 2026 के 702 और 113 प्रवेश पत्र जारी




नवभारत न्यूज

**आलोट।** स्थानीय पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट जिला रतलाम 2 म प्र के प्राचार्य शांतिलाल तेली ने बताया कि आगामी आगामी सत्र 2026 - 27 के लिए कक्षा नवी एवं ग्यारहवीं में प्रवेश हेतु लेटरल एंट्री परीक्षा के पंजीकृत 702 एवं 113 आवेदकों के प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जारी कर दिए गए।

नवोदय विद्यालय आलोट जिला रतलाम 2 के अंतर्गत आने वाले विकासखंड आलोट, बाजना एवं जावरा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए है। प्रवेश पत्र को ऑनलाइन माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आलोट बाजना जावरा एवं खंड स्त्रोत समन्वयक आलोट बा जना जावरा को भी को भी प्रेषित कर दिए गए हैं, समस्त जन शिक्षकों से अनुरोध है कि वह अपने विकासखंड के कक्षा 9 एवं 11 के प्रधानाचार्यो को सूचित कर समस्त आवेदकों के प्रवेश पत्र प्रदान करवाने की कृपा करें जिससे समस्त अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र मिलना सुनिश्चित हो जाए। किसी भी आवेदक को प्रवेश पत्र मिलने में समस्या हो तो वे प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय खामरिया आलोट में कार्यालय समय में संपर्क कर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र ऑनलाइन लिंक के माध्यम से भी डाउनलोड कर सकते हैं, प्रवेश परीक्षा आगामी 7 फरवरी 2026 शनिवार को प्रात 11 बजे से श्री महावीर हायर सेकेंडरी स्कूल आलोट पर आयोजित होगी। आवेदकों को परीक्षा केंद्र पर प्रात: 10 बजे उपस्थित होना अनिवार्य है।

**धर्म** — सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

# गीता भवन केवल एक भवन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, धर्म और संस्कारों का है जीवंत केंद्र





नवभारत न्यूज

**जावरा।** गीता भवन में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ गुरुवार को भक्तिमय वातावरण में हुआ। कथा व्यास भीमाशंकर शर्मा शास्त्री (धारियाखेड़ी) के श्रीमुख से प्रवाहित भागवत अमृत ने पूरे परिसर को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण करते नजर आए। प्रथम दिवस कथा में शास्त्रीजी ने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सत्य, धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलाने वाला दिव्य मार्गदर्शक है। कलियुग में भागवत कथा ही मानव को मोह, लोभ और अधर्म से मुक्त कर सकती है। उन्होंने राजा परीक्षित और शुकदेव मुनि के प्रसंग के माध्यम से भागवत की महिमा को विस्तार से समझाया। इधर, कथा के दौरान गीता भवन ट्रस्ट अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडेय ने आयोजन के 86 वें वर्ष के अवसर पर गीता भवन की ऐतिहासिक परंपरा को याद करते हुए कहा कि बीते 85 वर्षों में इस पावन प्रांगण को देश के अनेक महान संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ है। उन्हीं संतों की प्रेरणा और आशीर्वाद से यह आयोजन निरंतर आगे बढ़ता गया और हर वर्ष नए-नए आध्यात्मिक व सांस्कृतिक आयाम स्थापित होते रहे हैं। डॉ. पांडेय ने कहा कि गीता भवन केवल एक भवन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, धर्म और संस्कारों का जीवंत केंद्र है, जहां पीढ़ियों से श्रद्धालु आत्मिक शांति और जीवन का मार्गदर्शन प्राप्त करते आ रहे हैं। कथा शुभारंभ से पूर्व विधायक ने अपनी धर्मपत्नी रश्मि पाण्डेय और परिजनों के साथ संतश्री का स्वागत कर आशीर्वाद लेकर पौथी पूजन किया। ट्रस्ट पदधिकारियों ने भी संत का स्वागत किया।

## यह रहे मौजूद

ट्रस्ट सचिव अशोक सेठिया ने बताया कि महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और बच्चे सभी श्रद्धा भाव से कथा श्रवण करते नजर आए। प्रथम दिन हवन का लाभ गर्ग परिवार ने लिया। इस मोके पर विधायक डॉ राजेन्द्र पाण्डेय के साथ अजय पाण्डेय, सेवानिवृत अतिरिक्त कलेक्टर हरिसिंह चन्द्रावत, कैलाश नारायण विजयवर्गीय, मोहन पटेल, राजेश शर्मा, गायत्री प्रसाद मंडलोई, प्रदीपसिंह सोलंकी, राजेन्द्र श्रोत्रिय, मनोहरसिंह चौहान आदि ने आरती का लाभ लिया।

# मठ मन्दिर में विराट हिन्दू सम्मेलन 11 को, 10 को निकलेगी वाहन रैली



**जावरा।** आरएसएस की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिन्दू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को यहां नया माली पूरा स्थित मठ मन्दिर परिसर में केदारनाथ बस्ती का भव्य हिन्दू सम्मेलन आयोजित होगा। इसके तहत 10 जनवरी को सांय 4 बजे मठ मंदिर प्रांगण से वाहन रैली प्रारंभ होगी, जो बस्ती व मोहल्ले में भ्रमण कर पुन: इसी स्थान पर रैली का समापन होगा। इसके बाद इसी दिन शाम 7 बजे मन्दिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जबकि अगले दिन 11 जनवरी को दोपहर 12 बजे केदारनाथ बस्ती सहित क्षेत्र के सनातनी बंधुओं का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की समाप्ति के पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया है। सकल हिन्दू समाज के लोगों ने सनातनी भाइयों से आयोजन में बडी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। कार्यक्रम हेतु सर्वसम्मति से संचालन टोली का गठन किया गया, जिसमें संयोजक गोवर्धन पटेल, सह संयोजक मनोहर दईया, सदस्य रमेश देवड़ा, दीपक बैरागी, सतीश सैनी, हिसाब प्रमुख, राहुल गेहलोत, रोहित बनोपा को सम्मिलित किया गया।

**यहां से निकलेगी रैली:** वाहन रैली मठ मंदिर से प्रारंभ होगी ओर छोटा मालीपुरा, बड़ा मालीपुरा, जुलाहपूरा, मुगल पूरा, कमलीपूरा, कमानी गेट, नीमचोक, लक्ष्मीबाई रोड, कोर्ट परिसर, सब्जी मंडी, रपट रोड, भारत कॉलोनी होते हुए मठ मंदिर पर समापन होगा।